# कुमाऊँ विश्वविद्यालय,नैनीताल।
## KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)


पत्रांक – आर0 ओ0/डी0आई0सी0/2022/ 914, दिनांक – 27.10.2022

**विज्ञप्ति**

शैक्षणिक सत्र 2022-23 के बी0 एड0 पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु परिसर/महाविद्यालय/संस्थान का आवंटन मेरिट (Merit) के आधार पर विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in के माध्यम ऑनलाईन काउन्सिलिंग के द्वारा सम्पादित किया जायेगा।

कुमाऊँ विश्वविद्यालय की बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु ऑनलाईन माध्यम से शुल्क व परिसरों/महाविद्यालयों/संस्थानों का वरीयता क्रम में चयन किये जाने की अवधि दिनांक 14.10.2022 से 27.10.2022 निर्धारित की गयी थी। छात्रहित में ऑनलाईन काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने की अन्तिम तिथि को दिनांक 05 नवम्बर, 2022 तक विस्तारित किया जाता है।

अतः अभ्यर्थी उक्त अवधि में बी0 एड0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर परिसर/महाविद्यालयों/संस्थानों का चयन वरीयता क्रम में करने का कष्ट करें। काउन्सिलिंग के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वैबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव

---

पृष्ठांकन सं0 – आर0 ओ0/डी0आई0सी0/2022/ तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक – 28.10.2022 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें –

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

- प्राचार्य/निदेशक, समस्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान, सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना को अपने स्तर से प्रचारित एवं प्रसारित करने का कष्ट करें।
- प्रभारी, ई0 आर0 पी0 कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

(दिनेश चन्द्रा)
कुलसचिव